जेम फाउण्डेशन
वार्षिक परीक्षा
2019–20

कक्षा– छठीं
विषय–हिन्दी

पूर्णांक–80
समय– 3घंटे

---

सामान्य निर्देश

- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- प्रश्न–पत्र चार खण्डों 'क', 'ख', 'ग' तथा 'घ' में विभाजित है।
- प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।
- उत्तर के सामने प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

---

खण्ड–क

प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें। 5 अंक

जब कोई युवा पुरुष अपने घर से बाहर निकलकर बाहरी संसार में अपनी स्थिति जमाता है, तब पहली कठिनता उसे मित्र चुनने में पड़ती है। मित्रों की चुनाव की उपयुक्ता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है, क्योंकि संगति का गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर भारी पड़ता है।
ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है, जो हमसे अधिक दृढ़संकल्प हैं, क्योंकि हमें उनकी बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है। पर ऐसे लोगों का साथ और भी बुरा है, जो हमारी ही हर बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई नियंत्रण रहता है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है। मित्र भाई के समान होने चाहिए, जिसे हम अपना प्रीति पात्र बना सकें। हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए। जिससे एक के हानि–लाभ को दूसरा अपना हानि–लाभ समझे।

(क) किसी भी युवा पुरुष को बाहरी संसार में अपनी स्थिति जमाने में किस कठिनाई का सामना करना पड़ता है? 1 अंक
(ख) जीवन की सफलता किस पर निर्भर करती है? 1अंक
(ग) संगति का गुप्त प्रभाव किस पर भारी पड़ता है? 1 अंक
(घ) दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक लिखें। 1 अंक
(ड.) लाभ का विलोम शब्द बताएँ। 1 अंक

प्रश्न –2 दिए गए अपठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें। 5 अंक

जीवन एक सितारा था
माना वह बेहद प्यारा था
वह डूब गया तो डूब गया
अंबर के आनन को देखो
कितने उसके तारे टूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले
कब अंबर शोक मनाता है
जो बीत गई सो बीत गई।

(क) जीवन में प्रिय व्यक्ति की तुलना कवि ने किससे की है? 1 अंक
(ख) कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? 1अंक
(ग) शोक करना क्यों व्यर्थ है? 1अंक
(घ) तारे टूटने पर अंबर क्या करता है? 1अंक
(ड.) वाक्य बनाएँ– शोक 1अंक

## खण्ड–ख

प्रश्न– 3 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के भेद बताएँ। 1x2=2 अंक

(क) माया सो रही है।

(ख) माँ ने बच्चों को खाना खिलाया।

प्रश्न –4 नीचे लिखे वाक्यों में आए काल के भेद बताएँ। 1x3=3 अंक

(क) मैच में भारत जीत जाएगा।

(ख) वह मंच में गीत गा रहा था।

(ग) मै पढ़ रहा हूँ।

प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम छाँटकर उसके भेदों के नाम लिखें। 2x2=4अंक

(क) तुम क्या खाओगे?

(ख) यह मेरी साइकिल है।

प्रश्न–6 दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर विरामचिह्न लगा कर वाक्य पुनः लिखें। 1X2=2अंक

(क) यहाँ कौन खड़ा है

(ख) सोनी ने बहुत इंतजार किया परंतु रिया नहीं आई।

प्रश्न–7 रेखांकित वाक्यों में विशेषण के भेद पहचान कर लिखें। 1X2=2 अंक

(क) मुझे नीला रंग बहुत पसंद है।

(ख) राम को चार किलो सेब चाहिए।

प्रश्न– 8 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया–विशेषण छाँटकर उसके भेदों के नाम लिखें। 2x2=4 अंक

(क) सुबह–सुबह समाचार–पत्र आता है।

(ख) धीरे बोलना शिष्टता की निशानी है।

प्रश्न–9 उचित अविकारी शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें। 1X3=3 अंक

(क) मनुष्य को चींटी ..........................मेहनत करनी चाहिए। (की तरफ, की तरह, की नीचे)

(ख) चुपचाप बैठ जाओ .................. चले जाओ। (लेकिन, या, ताकि )

(ग) ............................तुमने वीरता का कार्य किया। (वाह!, शाबाश!, हाय! )

## खण्ड–ग

प्रश्न–10 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें। 5अंक

एक बार सावन के महीने में मुंशी बैजनाथ और ठाकुर अतिबल सिंह ने परिवार सहित अयोध्या की यात्रा की सलाह की। पंडित जी को भी साथ चलने के लिए कहा। पंडित जी ने मना किया।जब उन लोगों ने खर्च देना स्वीकार किया तो पंडित जी इनकार न कर सके।

बिल्लौर से रात को एक बजे गाड़ी छूटती थी। ये लोग खा–पीकर स्टेशन पर जा बैठे। जिस समय गाड़ी आई, चारों ओर भगदड़ सी मच गई, हजारों यात्री जा रहे थे। इस उतावली में मुंशी जी पहले निकल गये। पंडित जी और ठाकुर साहब साथ थे। वे एक डिब्बे में बैठे थे।

(क) इस पाठ के शीर्षक का नाम बताएँ। 1 अंक

(ख) गद्यांश से एक जातिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखें। 1 अंक

(ग) रात को एक बजे गाड़ी कहाँ से छूटती थी ? 1अंक

(घ) चारों ओर भगदड़ सी क्यों मच गई? 1अंक

(ङ) वाक्य बनाएँ– यात्री 1अंक

प्रश्न –11 दिए गए अपठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें। 5अंक

मीरा मगन भई हरि के गुण गाय।
साँप पिटारा राणा भेज्यो, मीरा हाथ दियो जाय।
न्हाय धोय जब देखन लागी, सालीगराम गई पाय।।
.जहर का प्याला राणा भेज्यो, अमृत दीन्ह बनाय।
हाथ धोय जब पीवण लागी, हो गई अमर अँचाय।।

(क) मीरा ने किसका गुणगान किया है? 1 अंक

(ख) राणा ने पिटारा क्यों भेजा? 1 अंक

(ग) मीरा की भक्ति से नीचे लिखी वस्तुएँ किस–किस में बदल गईं? 2 अंक

(i) साँप का पिटारा (ii).जहर का प्याला

(घ) इस कविता की कवयित्री का नाम बताएँ। 1 अंक

प्रश्न–12 दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें। 1X5=5 अंक

(क) प्रलोभन (ख) अनुचर (ग) सुरम्यता (घ) उजागर (ङ) सत

प्रश्न–13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें। 1X5=5 अंक

(क) विभु काका विदेश में क्यों नहीं रहे?
(ख) सूर्य किसके रथ पर सवार हो कर आता है?
(ग) '' दो बाई दो फुट'' का क्या अभिप्राय है?
(घ) पंडित जी के शिष्य उनका आदर क्यों करते थे?
(ङ) वेनका ने दादा जी को लिखे पत्र का क्या किया?

प्रश्न–14 निम्नलिखित प्रश्नों में के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दें। 3X4=12 अंक

(क) कौन सी बातें हैं जिनसे गाँवों का स्वरुप बदला जा सकता है?
(ख) वेनका ने मास्को शहर के बारे कें दादा जी को क्या लिखा?
(ग) कृपाशंकर हाथ बाँधे सेवक की भाँति क्यों खड़ा था?

प्रश्न– 15 'बोध' पाठ के आधार पर बतलाएँ कि रिश्वत लेने वाले और देने वालों में से आप किसे अधिक दोषी मानते हैं? 3 अंक

## खण्ड– घ

प्रश्न–16 गृहकार्य न कर पाने का कारण बताते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखकर अपनी गलती के लिए क्षमा माँगें। 7 अंक

अथवा

जन्मदिन में उपहार देने के लिए अपने मित्र को धन्यवाद पत्र लिखें।

प्रश्न– 17 दिए गए संकेत बिन्दु के आधार पर किसी एक विषय पर निबंध लिखें। 8 अंक

(क) हमारे राष्ट्रीय चिह्न

संकेत बिन्दुः भूमिका........................................
महत्त्व
राष्ट्रीय झंडा, गान, पशु–पक्षी ..........................
राष्ट्रीय एकता की पहचान एवं प्रेरणा......................
उपसंहार...........................................

(ख) वृक्ष हमारे मित्र हैं

संकेत बिन्दुः मानव जीवन में वृक्षों का महत्त्व........................

वृक्षों से लाभ..................................................
स्वार्थवश वृक्षों की कटाई............................
वृक्षारोपण............................................